# बिहार सरकार
## पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग
## कार्यालय आदेश

का०आ०सं० – 4 (1) क्रय–03/2023– / पटना – 15, दिनांक – / /2025

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा इच्छुक निबंधित सॉफ्टवेयर एजेंसियों से विभाग द्वारा संधारित संचिकाओं, पंजियों एवं अन्य अभिलेखों की स्कैनिंग तथा डिजिटाइजेशन हेतु मुहरबंद निविदा (PR No. 022964 (Animal) 2024-25) विज्ञापन स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था।

उक्त आमंत्रित निविदा के आलोक में निम्नांकित कुल–08 (आठ) निविदादाताओं द्वारा निविदा समर्पित की गयी :–

| क्रम सं० | प्रतिष्ठान / संस्था का नाम एवं पता |
|---|---|
| 01 | अमान इंफोटेक, अयूब हाउस, मखदुम रास्ती नगर कॉलोनी, फुलवारी शरीफ, पटना–801505 |
| 02 | मे० रूपल होस्पिटैलिटी एंड इडुटेक प्रा० लि०, 30 / 12, नौलेज पार्क 3, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201310 |
| 03 | रिगलो सॉल्यूशन प्रा०लि०, मकान नं.–33, गली नं.–2, ग्राम–परसा, पो०–लौना, जिला–मुंगेर, बिहार–813321 |
| 04 | जे०के० इंटरप्राइजेज, दल्लुचक, खगौल, पटना–801105 |
| 05 | डाटाटेक सॉफ्टवेयर शॉल्यूसन प्रा०लि०, 303, श्याम किशोरी होम्स, फ्रेजर रोड, पटना–800001 |
| 06 | लव एंड सन्स शॉल्यूसन प्रा०लि०, मेहता टोला, मधुबनी, पूर्णियां, बिहार–854301 |
| 07 | डेस्टिनी आई०टी० सर्विसेस प्रा० लि०, 206, आशियाना टॉवर, एक्जिविशन रोड, पटना–800001 |
| 08 | जी०के० इंटरप्राइजेज, बदरपुर, नई दिल्ली–110044 |

दिनांक–28.04.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे संयुक्त सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में गठित तकनीकी निविदा समिति की बैठक में समिति ने निविदादाताओं द्वारा समर्पित तकनीकी निविदा के लिफाफा को हस्ताक्षरोपरान्त खोल कर अगली बैठक दिनांक–07.05.2025 को तकनीकी मूल्यांकन करने का निर्णय लिया गया।

दिनांक–07.05.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे कुल 08 निविदादाताओं के तकनीकी मूल्यांकन उपरांत क्रम संख्या–01, 02, 03, 05, 06 एवं 08 को छोड़कर शेष कुल 02 निविदादाता यथा – जे०के० इंटरप्राइजेज एवं डेस्टिनी आई०टी० सर्विसेस प्रा० लि० द्वारा समर्पित तकनीकी निविदा को विभाग द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुरूप पाये जाने के फलस्वरूप सफल घोषित किया गया एवं तकनीकी निविदा की स्वीकृति प्रदान करते हुए विभागीय आई०टी० प्रबंधक की उपस्थिति में PPT Presentation देने एवं वित्तिय निविदा खोलने हेतु दिनांक–08.05.2025 को पूर्वाह्न 10:30 बजे बैठक में आमंत्रित किया गया।

दिनांक–08.05.2025 को विभागीय आई०टी०प्रबंधक एवं वित्तीय निविदा समिति के समक्ष दोनों फर्मों द्वारा PPT Presentation दिया गया, जिसमें दोनों का PPT Presentation संतोषप्रद पाया गया। तत्पश्चात् निविदादाता जे०के० इंटरप्राइजेज एवं डेस्टिनी आई०टी० सर्विसेस प्रा० लि० का संयुक्त सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता मे गठित वित्तीय निविदा समिति के सदस्यों तथा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष

हस्ताक्षरोपरांत वित्तीय निविदा खोलकर Financial Evaulation करते हुए विभाग द्वारा निम्नांकित फर्म के न्यूनतम दर (L1) को स्वीकार किये जाने की अनुशंसा की गई :–

| Sl. No. | Name of Company | Rate in INR (Figures & Words) Excluding GST |
|---|---|---|
| 01 | Destinity IT Services Pvt. Ltd., Exhibition Road, Patna. | ₹ 0.22 (Twenty Two Paise) **(L1)** |

**उपर्युक्त स्वीकृत न्यूनतम दर पर अनुशंसित फर्म द्वारा विभाग में संधारित संचिकाओं, पंजियों एवं अन्य अभिलेखों की स्कैनिंग के दौरान निम्नांकित शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा :–**

1. सफल निविदादाता फर्म/संस्था को आदेश निर्गत करने की तिथि से 01 (एक) महीने के अंदर पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना के साथ 1,000=00 (एक हजार) रुपये के Indian Non Judicial Stamp Paper पर एक एकरारनामा करना होगा।
2. सफल निविदादाता फर्म/संस्था को प्रथम बार एकरारनामा करने के समय अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से मो० 25,000/–(पच्चीस हजार) रूपये मात्र का Fixed Deposit Receipt (FDR)/NSC अथवा बैंक गारंटी के रूप में Performance Security जमा करना होगा। उक्त Performance Security अनुबंध के पूरा होने की तिथि से कम से कम 60 दिनों की अवधि के लिए वैध रहना चाहिए।
3. प्रत्येक संचिका को विधिवत् प्राप्त किया जायेगा तथा उसकी सुरक्षा की जिम्मेवारी फर्म की होगी। सुरक्षा या चुक की स्थिति में कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।
4. स्कैनिंग का कार्य पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा निर्धारित कार्य योजना के अनुरूप किया जायेगा। कार्य योजना का अनुपालन आवश्यक होगा।
5. कार्य प्रारंभ होने की तिथि के तीन माह के भीतर (90 कार्य दिवस) स्कैनिंग का कार्य समाप्त किया जा सकेगा।
6. कार्य समाप्ति के उपरांत विपत्र प्रस्तुत करेंगे, लेकिन आवंटन उपलब्ध होने पर ही भुगतान किया जायेगा। विपत्र के भुगतान के समय निर्धारित न्यूनतम दर के साथ GST शामिल किया जाएगा एवं भुगतान के समय अभिश्रव पर अन्य सभी अनुमान्य करों की कटौती नियमानुसार कर भुगतान किया जाएगा।
7. आवश्यकता पड़ने पर विभाग द्वारा सूचित किये जाने पर अवकाश के दिन अथवा कार्य अवधि के बाद भी स्कैनिंग का कार्य किया जा सकेगा।
8. स्कैनिंग का कार्य पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा निर्धारित स्थल पर किया जाना है।
9. कार्य प्रारंभ होने के पूर्व स्थल निरिक्षण सुरक्षित कर लिया जाय।
10. डाटा स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन के लिए पर्याप्त आधारभूत संरचना यथा कार्यबल, कम्प्यूटर, हाई स्पीड स्कैनर (उचित document feeder के साथ), सर्वर आदि फर्म के पास उपलब्ध होना चाहिए।

<u>कार्य की प्रकृति :–</u>

(i) पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना के प्रशाखाओं/कोषांगों से प्राप्त आवेदनों/पत्रों/संचिकाओं/अभिलेखों को प्राप्त करना।

(ii) संचिकाओं/पंजियों/अभिलेखों के सभी पृष्ठों को Optical Character Recognition तकनीक का प्रयोग करते हुए PDF Format में स्कैन करना।

(iii) Scanning के उपरांत बनाई गई फाईल NIC के e-Office Software के Compatible होना चाहिए।

(iv) संबंधित शाखा/कोषांग से प्राप्त पत्रों/आवेदनों/संचिकाओं/अभिलेखों को संबंधित प्रशाखा/कोषांग में वापस लौटाना तथा इसका प्राप्ति हस्ताक्षर प्राप्त करना।

(v) संचालन व रख–रखाव/वार्षिक रख–रखाव अनुबंध एक वर्ष का होगा तथापि Scanning एवं Software से संबंधित कार्य 03 माह के भीतर पूर्ण कर लिया जायेगा। विशेष परिस्थति में आवश्यकतानुसार विभाग से अनुमति के पश्चात् यह अवधि बढ़ाई जा सकेगी।

अन्य शर्तें :–

1. अभिलेखों के क्षतिग्रस्त होने पर प्रतिपूर्ति की जबावदेही फर्म की होगी।
2. सेवा में टूट होने पर Performance Security राशि जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।
3. चयनित निविदादाता द्वारा सेवा उपलब्ध न कराने पर उपरोक्त अर्हता पूरी करने वाले अन्य निविदादाता से सेवा प्राप्त की जायेगी।
4. सफल निविदादाता को विभाग के साथ एकरारनामा करना होगा।
5. निविदा को बिना सूचना एवं कारण बताये रद्द करने का अधिकार अपर सचिव/सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सुरक्षित रहेगा।
6. किसी भी विवाद के मामले में अपीलीय प्राधिकार (Arbitrator), अपर मुख्य सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना होंगे। तथापि, यदि मामले का समाधान नहीं हो पाता है तो इसका क्षेत्राधिकार माननीय पटना उच्च न्यायालय होगा।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–

**(अजय प्रकाश)**

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञाप संख्या – 4 (1) क्रय–03/2023– /पटना – 15, दिनांक – / /2025

**प्रतिलिपि** – संबंधित फर्म/एजेंसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञाप संख्या – 4 (1) क्रय–03/2023– /पटना – 15, दिनांक – / /2025

**प्रतिलिपि** – अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव/अपर सचिव के आप्त सचिव/संयुक्त सचिव/निदेशक, पशुपालन/मत्स्य/गव्य/उप सचिव/सभी अवर सचिव एवं सभी संबंधित पदाधिकारी, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञाप संख्या – 4 (1) क्रय–03/2023– 2355 /पटना – 15, दिनांक – 28 / 05 /2025

**प्रतिलिपि** – विभागीय आई०टी०प्रबंधक को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अजय 28/5/25

सरकार के अवर सचिव।